# निजी जमीन भी संशोधित हो गई बंदोबस्त में !

**शासकीय जमीन को सुरक्षित करने की दिशा मे ठोस कदम क्यो नही**



**धारनाकला नवभारत। जैसे जैस सिवनी बालाघाट रोड से लगी जमीन के भाव आसमान छू रहे है वैसे वैसे रोड से लगी जमीन राजस्व रिकार्ड मे संसोधन का मामला चर्चाओ मे बना हुआ है सिवनी बालाघाट रोड से लगी जनपद की शासकीय जमीन खसरा न. 596/960 /1 के कीमती जमीन के संसोधन का मामला अभी शान्त भी नही हुआ की एक और मेन रोड से लगी निजी जमीन बंदोबस्त मे संसोधन का मामला बरघाट विकास खंड मे गूंज रहा है और यह हकीकत तब सामने आ रही है।**

जब धारनाकला मे सिवनी बालाघाट रोड से लगी जमीन के भाव 05 हजार रूपये वर्ग फिट से लेकर 08 हजार रूपये वर्ग फिटकी दर पर पहूच गये और यह बात भी सामने आने लगी की जब भूमि स्वामी ने अपनी जमीन बेची ही नही तो आखिर बहुमूल्य कीमती जमीन कैसे संसोधित हो गई जब इस सम्बन्ध मे भूमि स्वामी के द्वारा जांच पड़ताल करते हुऐ जानकारी एकत्र की गई तो यह बात सामने आई की पंचायत के प्रस्ताव पर पटवारी तथा सहायक बंदोबस्त अधिकारी के द्वारा शासकीय जमीन के साथ साथ निजि हक की जमीन भी निजि तौर पर अन्य के नाम पर संसोधित कर दी गई हालाकि पूरा मामला वर्तमान मे एस डी एम न्यायालय बरघाट मे विचाराधीन है किन्तु राजस्व रिकार्ड खंगालने के बाद नये नये कारनामे सामने आ रहे है यह तो रही शासकीय एवं निजि जमीन के संसोधन का वही दूसरी तरफ एक नया मामला और सामने आया है जिसमे चलित रोड के हिस्से तक को संसोधित किया गया है जिसका विवाद भी न्यायालय मे चलित है

उल्लेखनीय है की जहा एक ओर जिला कलेक्टर के निर्देश पर शासकीय जमीन सुरक्षित की जानकर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जा रही है वही दूसरी तरफ बात करे बरघाट विकास खंड की तो यहा कलेक्टर के निर्देश भी सिर्फ कागजो तक सिमट कर रह गये है शासकीय जमीन मे अवैध कब्जे धारियो को नोटिस तो अनेको बार तामील हुऐ किन्तु अवैध कब्जे शासकीय जमीन से हटाने मे विभागीय तथा राजस्व अधिकारियो को जरूर पसीने छूटते नजर आये जिससे यह बात भी सामने आई की चंद भूमाफियो के चक्कर मे विभाग अपनी मुहिम चलाने मे असमर्थ तथा असहाय नजर आया ।

### शासकीय जमीन की आड मे अवैध प्लाट खरीदी बिकी का खेल

यहा यह भी उल्लेखनीय है की जहा धारनाकला मे सिवनी बालाघाट रोड से लगी जमीनो के भाव आसमान पर वही दूसरी निजि जमीन से लगी शासकीय जमीन की आड मे लम्बे मुनाफे का खेल धारनाकला मे अनवरत जारी है और शासकीय जमीन को अपनी जागीर समझकर लोगो ने अवैध कब्जा कर रखा है वही दूसरी तरफ जनपद पंचायत बरघाट की बेशकीमती जमीन कुछ भू माफिया के संरक्षण मे अवैध कब्जे मे तब्दील हो चुकी है और रही शेष बची जमीन की तो चारो तरफ गंदगी बजबजा रही है क्या जिले की संवेदन शील जिला कलेक्टर इस ओर ध्यान देगी

# पानी का मचा हाहाकार, बैनगंगा के सूखने से गिरा जलस्तर

**बैनगंगा नदी के सूखने से गिर गया इंटक वेल का जलस्तर... केन्द्रीय जल आयोग मिशन के अंतर्गत चल रहा प्रोजेक्ट... रियान वाटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही है काम...**



**उगली नवभारत।** सिवनी जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली और पां.छपारा के मध्य 32 ग्राम पंचायतों को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तावित नल जल योजना के अंतर्गत रियान वॉटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा नगर की मोक्षदायिनी बैंन गंगा नदी में निर्माणाधीन इंटक वेल ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत गत दिवस पत्रकारों ने अवलोकन किया...

इस भीषण गर्मी और निकट मानसून के बीच पेयजल की आपूर्ति होना पाया गया था, जिसके आधार पर उपस्थित अधिकारी,कर्मचारियों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इंटक वेल के निकट ब्रिटिश गवर्नमेंट कालीन समय में वर्ष 1912 के समय ढूटी बाँध जलाशय का निर्माण किया गया था, इस बांध से पानी की सप्लाई गेट खोल दिए गए थे,जिसकी वजह से वैनगंगा नदी का जलस्तर नीचे गिर गया और नदी सूख गई इस वजह से इंटक वेल में वाटर सप्लाई का कार्य अवरुद्ध हो गया, और जिन ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था सुचारू थी, वहां पर जल नहीं पहुंच पाया, उपस्थित असिस्टेंट मैनेजर सोयंग प्रकाश ने जानकारी दिया कि हम लोगों ने मजदूर और जेसीबी की मदद से वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था किया और नदी का जलस्तर को संतुलित करने का प्रयास किया है,एक-दो दिन पानी की सप्लाई रुक गई थी, लेकिन अभी सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध होने लगा है, हमारे प्रोजेक्ट के अंतर्गत पूरे उगली उप तहसील के अंतर्गत कुल 24 टंकियां का निर्माण होना है जिसमें 20 टंकियां का निर्माण हो चुका है और चार टंकियां का निर्माण कार्य प्रगतिशील है, जिसमें सारसडोल, रुमाल,सोनखार और नेवरगांव में टंकी निर्माण चल रहा है,जो आगामी एक दो माह के अंतर्गत पूर्ण हो जाएगा अभी 32 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की सप्लाई सुचारू रूप से चालू कर दी गई है, जिसका लाभ भी गांव वाले लेने लगे हैं, इसके अंतर्गत उगली के निकट संरडी ग्राम में वाटर प्लांट का भी निरीक्षण किया गया जहां पर उपस्थित लैब असिस्टेंट भारतेंदु त्रिवेदी ने जानकारी दिया कि बैनगंगा नदी से वाटर सप्लाई इस वाटर प्लांट में आने के बाद यहां पर ब्लीचिंग पाउडर,(ऐलम) फिटकरी और अन्य खनिज तत्व का मिश्रण इस प्लांट में किया जाता है,उसके बाद शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए जल का निकास किया जाता है।

इस प्रोजेक्ट के कार्य आरंभ की तिथि यदि बात करें तो 8 वर्ष लगभग हो चुके हैं, केंद्र शासन की यह करोड़ों की वृहद जिला परियोजना कक्षप गति से क्रियाशील है, यह योजना पूर्ण रूप से संचालित होने के बाद उगली और पां. छपारा,सरेखा क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं रहेगी।

## एक नजर में

### सिवनी की बेटी पायल गरेवाल बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

**सिवनी।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी पायल गरेवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। 18 जून को घोषित सीए फाइनल परीक्षा परिणाम में पायल ने सफलता हासिल कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव प्राप्त किया। पायल गरेवाल, पिता संदीप गरेवाल एवं माता नीतू गरेवाल, निवासी बारापत्थर, जिला सिवनी की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। पायल ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 98 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिवनी जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया था। 12वीं के बाद उन्होंने बीकॉम की पढ़ाई पूरी करने के साथ-साथ सीए की कठिन परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। अपनी लगन, मेहनत और अनुशासन के बल पर उन्होंने सीए के विभिन्न चरणों को लगातार उत्तीर्ण किया और मात्र 23 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का सपना साकार कर लिया। पायल की इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का सपना देखते हैं। जिले के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक संगठनों ने पायल गरेवाल को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राही परिवार को मिला दो लाख रुपये का बीमा लाभ



**सिवनी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया गंगेरूआ शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत रामदास हितग्राही परिवार की महिला पत्नी तिरनबाई को को मृत्यु उपरांत दो लाख रुपये की बीमा दावा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्वर्गीय रामदास निवासी धापरा के परिजनों को प्रदान की गई। यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नाममात्र प्रीमियम पर जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके नामांकित परिजन को दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। उक्त प्रकरण में आवश्यक दस्तावेजों एवं औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद बैंक द्वारा दो लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख समीर कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए बैंक लगातार सी की जानकारी प्राप्त करने की अपील की।

### लखनवाड़ा की बहू ने बढ़ाया गांव, शहर और देश का मान



**सिवनी।** छोटे से गांव लखनवाड़ा की बहू ने अपनी उपलब्धि से पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। ग्राम लखनवाड़ा निवासी मनीष बघेल (लालू) की पत्नी मालती बघेल ने कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। मालती बघेल का चयन प्रतिष्ठित एन-टू-वूमेन 2026 पोस्टर सम्मेलन कार्यशाला में हुआ है, जहां वे अपनी प्रतिभा और शोध कार्य का प्रदर्शन कर रही हैं। यह आयोजन कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, लंदन में आयोजित हो रहा है, जो विश्व की अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं में से एक माना जाता है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल लखनवाड़ा गांव और सिवनी जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे प्रदेश और देश को भी गौरवान्वित किया है। मालती बघेल की सफलता क्षेत्र की बेटियों और महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है, जो यह संदेश देती है कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर वैश्विक मंच तक पहुंचा जा सकता है। क्षेत्रवासियों, परिजनों और शुभचिंतकों ने मालती बघेल को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नि :शुल्क शिक्षा और ट्रेनिंग पाकर 8 युवाओं का भारतीय सेना में चयन



**सिवनी नवभारत।** जिले के युवाओं को नि:शुल्क शिक्षा एवं शारीरिक कौशल ट्रेनिंग देकर देश सेवा के लिए तैयार करने वाले सेवाभावी गुरुओं और सेना में चयनित 8 युवाओं का नगर में भव्य सम्मान किया गया। आज सिवनी नगर के बारापत्थर बाहुबली चौक स्थित होटल बाहुबली में दोपहर 12ः00 बजे गुरुओं के सेवाभाव को नमन कर संरक्षक के रूप मे भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल द्वारा निस्वार्थ भाव से युवाओं का भविष्य संवारने वाले सेवाभावी राजा ठाकुर एवं मनोज यादव सहित सेना में चयनित सभी युवाओं का अंगवस्त्र पहनाकर और फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया गया। तथा सभी का मुंह मीठा कराकर खुशियां बांटी गईं। इस दौरान संतोष अग्रवाल ने दोनों गुरुओं के

**सेवाभावी गुरुओं का हुआ सम्मान**

इस प्रयास को क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि जहां आज के दौर में लोग पैसों को तवज्जो देते हैं, वहीं ऐसे राष्ट्रभक्त भी हैं जो दिन-रात निस्वार्थ भाव से युवाओं की दशा और दिशा बदल रहे हैं। देश सेवा के लिए चुने गये इन युवाओं पर पूरे जिले को गर्व है। ज्ञात हो कि श्री राजा ठाकुर द्वारा एसपी बंगले के पास स्थित वैदिक कोचिंग के माध्यम से प्रतिदिन सुबह 07 से 09 बजे तक युवाओं को नि:शुल्क शिक्षा देकर उनका बौद्धिक स्तर संवारा जा रहा है। वहीं सेवानिवृत्त आर्मीमेन मनोज यादव द्वारा कमांडो एकेडमी के माध्यम से प्रतिदिन फुटबॉल स्टेडियम में सुबह 06 से 08 बजे तक युवाओं को नि:शुल्क फिजिकल ट्रेनिंग देकर देश सेवा के लिए तैयार किया जा रहा है। उक्त दोनों गुरुओं के मार्गदर्शन और कड़े परिश्रम की बदौलत जिले के 8 शिक्षित युवाओं का चयन भारतीय सेना में हुआ है। जिसमें अमिताभ जावरे (पतरई, कान्हीवाड़ा), शिवम पटले (डोरली, बरघाट), प्रिंस भलावी (बंडोल), लकी ऐडे (विजयपानी खुर्द, केवलारी), अजय सोनी (सिंगपुर, बरघाट), अनिकेत कटरे (बिछुआ घूरवाड़ा), अनुराग डहेरिया (महुआटोला, छपारा), संदेश बिसेन (खर्रापाठ, बरघाट) शामिल हैं। ये सभी युवा अब 6 महीने की कठिन ट्रेनिंग के लिए देश के विभिन्न केंद्रों पर रवाना होंगे। इस अवसर पर आनंद शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी विधायक, सिवनी, हिमांशु जैन सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### बाढ़ प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, होमगार्ड द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बाढ़ प्रबंधन एवं आपदा से निपटने की तैयारियों के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर धनेंद्र अंगारे, एएसआई आनंद कौशल सहित होमगार्ड के कर्मचारी एवं क्यूआरटी /एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित रहे। अभ्यास के दौरान बाढ़ बचाव में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों जैसे लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट, बोट, आउटबोर्ड मोटर (ओबीएम), डीप डाइविंग सेट सहित अन्य आवश्यक संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। जवानों ने आपदा की स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने एवं राहत कार्यों के संचालन की प्रक्रिया का डेमोंस्ट्रेशन भी दिया। जिला प्रशासन ने बताया कि मानसून को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने तथा आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता को मजबूत करना है।

# एनएम संवर्ग की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर नवागत सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन



**सिवनी नवभारत।** संयुक्त एएनएम एसोसिएशन (संविदा-नियमित कर्मचारी संघ) की प्रदेश अध्यक्ष विमलेश शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य के सभी जिलों के कर्मचारियों के द्वारा प्रदेश के सभी सीएमएचओ को एक साथ ज्ञापन सोपा गया कर्मचारी के द्वारा 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एएनएम संवर्ग की वर्षों से लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

जिला अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी आमाडारे श्रीमती राखी बघेल श्रीमती सरोज बघेल श्रीमती योगिता मिश्रा श्रीमती पूनम तिवारी के द्वारा कहा गया कि एएनएम संवर्ग वर्ष 1950 से स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रूप में कार्य कर रहा है। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व सेवाएं, शिशु टीकाकरण तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफल संचालन एएनएम के माध्यम से ही किया जाता है। इसके बावजूद इस संवर्ग को अपेक्षित सम्मान, सुविधाएं और आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरा देश संकट से जूझ रहा था, तब एएनएम ने गांव-गांव पहुंचकर करोड़ों लोगों का टीकाकरण किया। खसरा मुक्त भारत अभियान सहित कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी एएनएम की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही, लेकिन प्रोत्साहन राशि और सम्मान के मामले में उन्हें लगातार उपेक्षित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्षों से कार्यरत संविदा एएनएम को नियमित किया जाए तथा नियमित कर्मचारियों के समान सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। वर्ष 2016 में एएनएम संवर्ग को नर्सिंग कैडर से अलग किए जाने संबंधी आदेश को निरस्त कर पुनः नर्सिंग संवर्ग में शामिल किया जाए। साथ ही वेतन विसंगति दूर कर ग्रेड पे 3600 रुपये किया जाए तथा शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

### बरघाट में प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार का हुआ भव्य स्वागत



**बरघाट नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार जी का बरघाट मंडल में आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष श्री प्रीतपाल बघेल के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया।

तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, बरघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमल मर्सकोले, संभाग प्रभारी अतीत पवार, भाजपा जिला महामंत्री श्री गजानंद पंचेश्वर, श्रीमती गोमती ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू , जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आभा जितेंद्र राहंगडाले, ममता पाठक मंडल अध्यक्ष हेमंत रंहागडाले की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान नगर के वरिष्ठ पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं राम सिंह कंगाली (पार्षद वार्ड क्रमांक 1),रामप्रसाद रंहागडाले एवं शंकर लाल रंहागडाले ने पुनः भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक कमल मर्सकोले,प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की उपस्थिति में अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।

# सपनों को मिली उड़ान : मुद्रा ऋण से बनीं सिवनी की अग्रणी ब्यूटीशियन



**सिवनी नवभारत।** जिले में प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ यदि सही समय पर वित्तीय सहयोग मिल जाए, तो सपनों को साकार होने से कोई नहीं रोक सकता। सिवनी की युवा उद्यमी सुश्री मोना सनोडिया ने इसे अपनी सफलता से साबित कर दिखाया है। सुश्री मोना सनोडिया, जो मोनार्क ब्यूटी एंड मेकअप स्टूडियो की प्रोप्राइटर हैं, ने मुंबई से प्रोफेशनल ब्यूटी एवं मेकअप का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उनके पास उत्कृष्ट कौशल और अपने क्षेत्र में कुछ नया करने का जुनून था, लेकिन स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं थी। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण उनका सपना अधूरा रह जाने की आशंका थी।

इसी दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा योजना उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य सिवनी शाखा ने योजना के तहत उन्हें सात लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया। इस वित्तीय सहायता ने उनके उद्यमी बनने के सपने को नई उड़ान दी। ऋण प्राप्त होने के बाद सुश्री मोना ने मोनार्क ब्यूटी एंड मेकअप स्टूडियो की स्थापना की। अपने पेशेवर कौशल, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और ग्राहकों के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने कम समय में ही अपनी अलग पहचान बना ली। आज उनका स्टूडियो सिवनी जिले के प्रमुख ब्यूटी एवं मेकअप स्टूडियो में शुमार है और वे जिले की अग्रणी ब्यूटीशियनों में गिनी जाती हैं।

मोना सनोडिया की सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण भी है कि सरकारी योजनाएं और बैंकिंग सहायता युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।आज वे विशेष रूप से महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि सही मार्गदर्शन, कौशल विकास और वित्तीय सहयोग के माध्यम से सपनों को वास्तविकता में बदला जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से अनेक युवा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**हड़ताल** ▶ **प्रशासनिक अधिकारियों ने की समझाइश, ठोस कार्रवाई पर अड़े आंदोलनकारी; स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ी**

# अधीक्षिका को हटायें : गोंगपा ब्लॉक अध्यक्ष की भूख हड़ताल छठवें दिन भी जारी



कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अधीक्षिका को हटाने की मांग

**छपारा नवभारत।** नगर से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम गोरखपुर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती अंजना शर्मा (गोयल) को पदमुक्त कर उनका स्थानांतरण किए जाने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के सिवनी ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह अर्वे की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल छठवें दिन भी पूरी दृढ़ता के साथ जारी रही। देवी सिंह अरवे विगत 12 जून से ग्राम गोरखपुर के चौराहे पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा मंच के समक्ष इस अनशन पर बैठे हुए हैं।

### वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया जायजा

आंदोलन के गंभीर होते स्वरूप को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी अलर्ट मोड पर है। भूख हड़ताल के तीसरे दिन यानी 16 जून की दोपहर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लखनादौन अर्जुन सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी और तहसीलदार छपारा सौरभ मरावी धरना स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने भूख हड़ताल पर बैठे गोंगपा नेता देवी सिंह अरवे से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सूत्रों के अनुसार, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए हड़ताल समाप्त करने को लेकर काफी समझाइश दी और वार्ता की, लेकिन आंदोलनकारी किसी भी सूरत में झुकने को तैयार नहीं दिखे।

### सिर्फ पानी के सहारे आंदोलन, बिगड़ सकता है स्वास्थ्य

भीषण गर्मी के इस दौर में देवी सिंह अर्वे और उनके साथ अनशन पर बैठे साथी अशोक उइके लगातार छह दिनों से सिर्फ पानी पीकर अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। इतने दिनों से अन्न का त्याग करने के कारण दोनों ही आंदोलनकारियों के स्वास्थ्य को लेकर अब चिंता जताई जाने लगी है।

**ठोस कार्रवाई के बाद ही खत्म होगी हड़ताल**

अधिकारियों की समझाइश और मान-मनौव्वल के बावजूद गोंगपा ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह अर्वे अपनी मांग पर पूरी तरह अडिग हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अधीक्षिका को पदमुक्त करने को लेकर प्रशासन की ओर से कोई निष्पक्ष जांच करने एवं ठोस लिखित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका यह अनिश्चितकालीन अनशन और आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

# प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह




**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का सिवनी जिले में संगठनात्मक प्रवास संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ संभाग प्रभारी अतीत पवार, सह प्रभारी जय किशोर चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राव उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। प्रवास की शुरुआत बालाघाट से सिवनी आगमन के बाद बरघाट स्थित प्रसिद्ध बहराई हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना एवं वृक्षारोपण से हुई। इसके पश्चात उन्होंने बरघाट क्षेत्र के धरना जावर, कटी, कोसमी चौराहा, भाजपा कार्यालय बरघाट, नगर परिषद बरघाट, पिंडरईकला, गणेश मंदिर चौक तथा टैगोर वार्ड सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों एवं कार्यकर्ताओं से भी संवाद किया।

प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के बाहुबली चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फलों से तौलकर सम्मानित भी किया। इसके बाद वे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों में प्रभावी भागीदारी पर जोर दिया।

संगठनात्मक कार्यक्रमों के अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के निवास पहुंचकर उनसे भेंट की। प्रवास के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल, गजानंद पंचेश्वर, मुकेश बघेल, विधायक दिनेश राय मुनमुन, विधायक कमल मर्सकोले, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, प्रेम तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया तथा किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।